९. विशेषण

संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। विशेषता गुण-दोष, स्वाद, रंग, आकार, माप-तौल, संख्या आदि के बारे में बताती है।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 41 पर दी गई विशेषण की दो पंक्तियाँ पढ़ें और बच्चों को बताएँ, किसी शब्द की विशेष बात बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।
- बच्चों से बातचीत करते हुए पूछें, उनके पास कितनी पेंसिल या पेन हैं अथवा उनकी स्कूल ड्रेस का क्या रंग है। बच्चों द्वारा दो या चार पेंसिल अथवा नीली या सफ़ेद ड्रेस उत्तर मिलने पर बताएँ– दो-चार (संख्या), नीली-सफ़ेद (रंग) शब्द विशेषण हैं।
- पाठ पृष्ठ पर दी कविता पढ़वाएँ। फिर रंगीन शब्दों की ओर ध्यान दिलाते हुए बताएँ कि ये सब विशेषण शब्द हैं। इनसे किसी न किसी की विशेषता पता चल रही है।
- तदुपरांत नीचे दिए गए रिक्त स्थान बच्चों से भरवाएँ। इससे बच्चे स्वयं विशेषण शब्दों को सरलता से समझने की कोशिश कर पाएँगे।
- उन्हें विशेषण की परिभाषा याद करवाएँ।
- पृष्ठ 42 पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ तथा उनमें आए विशेषण शब्दों से परिचित करवाएँ।
- समझाएँ, विशेषण शब्द वस्तु या प्राणी का रंग-रूप, गुण, दोष, स्वाद, संख्या, मात्रा आदि के बारे में बताते हैं।
- पृष्ठ 43 पर दिए शब्दों को बच्चों से एक-एक करके पढ़वाएँ।
- अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।